एमएलसी चुनाव की दिनभर रही गहमागहमी, प्रत्याशी नीरज कुमार ने भी डाला वोट

मोकामा (आससे) । मोकामा में एमएलसी चुनाव के दौरान राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा लगा रहा। क्षेत्र के कई प्रमुख नेताओं ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और अपनी-अपनी जीत के मजबूत दावे किए। मोकामा के शिवनार निवासी व पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय कुमार सिंह ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। मतदान के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि जनता का पूरा समर्थन उनके साथ है और उनकी जीत सुनिश्चित है। वहीं, जदयू प्रत्याशी व एमएलसी नीरज कुमार पटना से सीधे मोकामा पहुंचे। मतदान से पूर्व उन्होंने ऐतिहासिक बाबा परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मीडिया से बातचीत में नीरज कुमार ने 100 फीसदी जीत का भरोसा जताते हुए कहा, पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, इसलिए परिणाम को लेकर किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है। वहीं, भितरघात और पार्टी विरोधी गतिविधियों पर पूछे गए सवाल का कड़ा जवाब देते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि संगठन के साथ गद्दारी करने वालों के खिलाफ पार्टी स्तर पर निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मोकामा के वरिष्ठ भाजपा नेता नलिन रंजन शर्मा उर्फ ललन सिंह ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। दिग्गजों की सक्रिय भागीदारी और बयानों से दिनभर चुनावी सरगर्मी तेज बनी रही।


खुसरूपुर में स्नातक 62.75 प्रतिशत और शिक्षक के 62.50 प्रतिशत मतदाताओं ने डाला वोट : खुसरूपुर (आससे) के अनुसार बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव के तहत पटना स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। शाम 4 बजे वोटिंग खत्म होने तक मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखे गए। चुनाव के दौरान राजनीतिक तल्खी और उत्साह का मिला-जुला असर देखने को मिला। स्थानीय प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर सुबह से ही वोटिंग की रफ्तार में उतार-चढ़ाव बना रहा।यहां कभी मतदान की गति धीमी तो कभी तेज दर्ज की गई। खुसरूपुर प्रखंड कार्यालय केंद्र पर कुल 749 पंजीकृत स्नातक मतदाताओं में से 470 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 374 पुरुष और 96 महिला मतदाता शामिल रहे। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यहां कुल 62.75 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पंजीकृत कुल 24 मतदाताओं में से 15 शिक्षकों ने वोट डाले। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार,यहां कुल 62.50 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच मतदाताओं ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का उपयोग किया।

फतुहा में स्नातक में 57.88 प्रतिशत तो शिक्षक सीट पर 66.15 प्रतिशत वोटिंग : फतुहा आससे के अनुसार फतुहा प्रखंड में शुक्रवार को स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान स्नातक निर्वाचन के दोनों बूथों पर कुल 1536 मतदाताओं में से 889 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार स्नातक निर्वाचन में कुल 57.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में कुल 260 मतदाताओं में से 172 मतदाताओं ने मतदान किया, जिससे मतदान का प्रतिशत 66.15 रहा। प्रखंड मुख्यालय स्थित मतदान केंद्रों पर शाम चार बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, स्नातक निर्वाचन के बूथ संख्या 65 पर 56.62 प्रतिशत तथा बूथ संख्या 66 पर 59.70 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, शिक्षक निर्वाचन के बूथ संख्या 37 पर कुल 66.15 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के आंकड़ों के अनुसार, शिक्षक निर्वाचन में स्नातक निर्वाचन की तुलना में अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

नौबतपुर में स्नातक में 56.13 प्रतिशत तो शिक्षक के लिए 59.48 प्रतिशत मतदान : नौबतपुर (आससे) के अनुसार प्रखंड में स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के आंकड़ों के अनुसार, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की तुलना में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1313 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 737 मतदाताओं ने वोट डाले। इस प्रकार यहां कुल 56.13 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1308 मतदाताओं में से 778 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां मतदान का प्रतिशत 59.48 रहा। मतदान के दौरान दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी देखने को मिली। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इस तरह नौबतपुर प्रखंड में दोनों सीटों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मसौढ़ी में दिन ढलने के साथ बूथों पर बढ़ती गयी कतार : मसौढ़ी आससे के अनुसार बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल में प्रखंड स्तरीय मतदान केंद्र बनाए गए,जहाँ शुक्रवार को कडी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ, ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए थे,जिसमें मतदान केंद्र संख्या 15 (प्रखंड कार्यालय, पूर्वी भाग)= इस केंद्र पर कुल 1210 मतदाता है,जिनमें 916 पुरुष और 294 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं मतदान केंद्र संख्या 16 (प्रखंड कार्यालय, पश्चिमी भाग)=- इस केंद्र पर कुल 490 मतदाता हैं, जिनमें 374 पुरुष और 116 महिला मतदाता हैं। वहीं अंचल कार्यालय, मसौढ़ी में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र संख्या 8 पर कुल 180 मतदाता हैं, जिनमें 153 पुरुष और 27 महिला मतदाता हैं।इसके अलावा धनरूआ प्रखंड कार्यालय में भी पटना स्नातक निर्वाचन को लेकर मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 1210 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किये, मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ और हर दो घंटे पर वोटिंग परसेंटेज रहे जिसमें स्नातक मतदान केंद्र पर 10=00 बजे 7.06 रही उसके बाद 12=00 बजे का कुल मतदान प्रतिशत 20.88 रहा,दोपहर दो बजे तक 37.56 रहा वही 5=00 बजे शाम तक 57.14ब रहा मसौढ़ी में स्नातक चुनाव में 834 वोट पड़े हैं शिक्षक निर्वाचन में 153 वोट पड़े हैं, वही धनरूआ में स्नातक चुनाव में 787 वोट पड़े हैं, शिक्षक में 446 वोट पड़े हैं वहीं पुनपुन की बात करें तो स्नातक चुनाव में 656 वोट पड़े हैं और शिक्षक निर्वाचन में 93 वोट पड़े हैं।गौरतलब है की चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार, डीएसपी राघव दयाल,अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली समेत सभी मजिस्ट्रेट सभी बुथो पर कड़ी सुरक्षा के तैयारी की गई है। बहरहाल पटना स्नातक के लिए जदयू से नीरज कुमार, जनसुराज से अनुज सिंह और आरजेडी से दिलीप पटेल चुनावी मैदान में है।


मोकामा




फतुहा



मसौढ़ी



जनसुराज और जदयू समर्थक आपस में भिड़े, भारी पुलिस बल तैनात

मोकामा (आससे) । मोकामा विधानसभा क्षेत्र में मतदान से ठीक पहले सियासी पारा अचानक गरमा गया। चुनावी सरगर्मी के बीच जन सुराज और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प और हाथापाई हो गई। घटना के तुरंत बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत जन सुराज कार्यालय के बाहर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार्यालय परिसर में जन सुराज यानी पूर्व विधायक अनंत सिंह के समर्थक मौजूद थे। इसी दौरान जदयू कार्यकर्ताओं का एक समूह वहां से गुजरा। दोनों पक्षों के आमने-सामने आते ही छींटाकशी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच कहासुनी में बदल गई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। झड़प की सूचना मिलते ही इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना पाते ही बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी रामकृष्ण भारी पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीएम और पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गुटों को खदेड़ा और हालात पर काबू पाया। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। एसडीएम रामकृष्ण ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। पूरे मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें अनंत सिंह के दो समर्थक विपिन सिंह और राजेश सिंह हैं जबकि जदयू से राहुल रंजन को हिरासत में लिया है।

वाहन चेकिंग में 10 जिंदा कारतूस के साथ हथियार सप्लायर गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे) । वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत विधान परिषद चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में धनरुआ थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जहाँ धनरुआ थाना परिसर के सामने स्टेट हाइवे -01 पर चुनाव के दृष्टिकोण से सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके पास से .315 बोर का 10 जिंदा कारतूस, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नीतीश कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता संतोष पासवान, ग्राम सहबाजपुर, थाना पिपरा, के रूप में की गई है। धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया यह नालंदा के चिकसौरा से हथियार लाकर खरीद बिक्री करता है। दरअसल विधान परिषद चुनाव के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाने की आशंका को देखते हुए यह विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। बरामद कारतूस किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है।फिलहाल अभियुक्त से पूछताछ जारी है और इस संबंध में अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।



फरसा से हमला में सिर फटा, जबड़ा कटा

मसौढ़ी (आससे) । पिपरा थाना क्षेत्र के पारथु गांव में जमीन विवाद में पड़ोसी पट्टीदारों द्वारा घर में घुसकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर पति को अधमरा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता कंचन देवी उम्र 33 वर्ष पति मोनू कुमार, ग्राम पारसू की शिकायत पर पिपरा थाना में कांड संख्या 144/26 के तहत 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि 21 अक्टूबर को सुबह 7=30 बजे वह और उसके पति मोनू कुमार घर में बैठे थे। तभी बगल के पट्टीदार पप्पू राम उम्र 45 वर्ष पिता बिजिन्द्र राम , रोहित कुमार उम्र 23 वर्ष , अंकित कुमार 22 वर्ष दोनों पिता ककु राम , विशाल कुमार उम्र 20 वर्ष पिता पप्पू राम ,झान्ति देवी उम्र 45 वर्ष पति पप्पू राम और विष्णु देवी उर्फ बिना देवी उम्र 48 वर्ष पति ककु राम सभी ग्राम पारसू के, हाथ में लाठी, लोहे का फरसा और दाव लेकर जबरन घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि पप्पू राम ने फरसे से जान मारने की नीयत से मोनू कुमार के सिर पर 4-5 बार ताबड़तोड़ प्रहार किया, जिससे आंख के पास कट गया, सिर बुरी तरह फट गया और चेहरे का कई हिस्सा कट गया। रोहित कुमार ने दाव से चेहरे पर वार कर जबड़ा काट दिया। खून बहने से पति बेहोश होकर गिर पड़े तो विशाल कुमार ने डंडे से और अंकित ने डंडे से अधमरा कर दिया। दोनों महिलाएं झान्ति देवी और विष्णु देवी भी लाठी-डंडे से पीटती रहीं।

चीख-पुकार पर आसपास के लोग जुटे तो सभी अभियुक्त पति को मृत समझकर धमकी देते हुए भाग गए। परिजन टोटो रिक्शा से सरकारी अस्पताल पुनपुन ले गए, जहां से गंभीर स्थिति देख प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। पीएमसीएच में 7 टांके लगे हैं और स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नौबतपुर में करंट से महिला की मौत, मुर्गी फार्म संचालक पर लापरवाही का आरोप

नौबतपुर (आससे) । थाना क्षेत्र के सरासत गांव में शुक्रवार को करंट लगने से 35 वर्षीया मालती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वह खेत देखने के लिए घर से मोगलचक की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में खुले बिजली तार की चपेट में आ गईं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पहले ही पति को खो चुकी मालती की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, मालती देवी सरासत निवासी हेमराज वर्मा की पुत्री थीं। उनके पति की पहले ही सांप काटने से मौत हो चुकी थी। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही थीं। वह अपने खेत को देखने निकली थीं, लेकिन रास्ते में बिजली के खुले तार की चपेट में आने से उनकी जान चली गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



घटना के बाद ग्रामीणों ने एक मुर्गी फार्म संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग के लिए खींचे गए खुले बिजली तार के कारण यह हादसा हुआ। आरोप है कि पहले भी इस खतरे को लेकर आगाह किया गया था, लेकिन तार को सुरक्षित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

घटना की सूचना मिलने पर नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुण्यतिथि पर याद किये गये सिद्धेश्वरनाथ पांडेय

मसौढ़ी (आससे) । प्रसिद्ध साहित्यकार सिद्धेश्वर नाथ पांडेय की छठी स्मृति दिवस पर मसौढ़ी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फुलवारी के पूर्व विधायक सहित पटना जिले के कोने-कोने से साहित्य प्रेमी, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके विचारों और सपनों को साकार करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बताते चलें कि महान खगोलविद आर्यभट्ट की कर्मभूमि मसौढ़ी के तारेगना गांव रही है। तारेगना की अंतरराष्ट्रीय ख्याति को जन-जन तक पहुंचाने और अपनी किताबों के माध्यम से दुनिया को इससे अवगत कराने में साहित्यकार सिद्धेश्वर नाथ पांडेय का अहम योगदान रहा है। कोरोना काल में उनका निधन हो गया था। सिद्धेश्वर नाथ पांडेय वामपंथी विचारधारा से भी जुड़े रहे और जीवनभर समाज को नई दिशा देने का काम किया। इस अवसर पर फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि न केवल मसौढ़ी बल्कि पूरे देश को तारेगना के बारे में बताने वाले साहित्यकार सिद्धेश्वर नाथ पांडेय भले ही इस दुनिया से चले गए, लेकिन उनके विचार आज भी जिंदा हैं। उनकी किताबों में लिखी बातें आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं और उनका संदेश आज भी जीवंत है। मौके पर मसौढी थानाध्यक्ष विवेक भारती ,डीएसपी राघव दयाल, प्रोफेसर सीपी मंडल के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता नेता शामिल रहे।



लहसुना में पुलिस पर हमले के पांच आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर

मसौढ़ी (आससे) । लहसुना थाना कांड संख्या 683/26 में पुलिस पर हमला करने के मामले में फरार चल रहे पांच नामजद अभियुक्तों ने पुलिस की लगातार दबिश और छापेमारी से घबराकर माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले अभियुक्तों की पहचान गंगा मांझी, जितेंद्र मांझी, शैलेश मांझी, सुभाषी मांझी और गुड्डू मांझी के रूप में हुई है। सभी साकिन बांसडीह, थाना लहसुना, जिला पटना के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त कांड में वरीय पुलिस पदाधिकारी पर हमला करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से सभी अभियुक्त फरार चल रहे थे और पुलिस की पकड़ से बच रहे थे ।लहसुना थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी, दबिश और कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जा रही थी। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण अंतत: पांचों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा।

सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण का विवाद तूल पकड़ा

मसौढ़ी (आससे) । मसौढ़ी प्रखंड के मेगनी बिगहा गांव में सार्वजनिक गली के अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों में विवाद गहरा गया है। इस संबंध में गांव के स्थायी निवासी रामावतार प्रसाद ने अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदक रामावतार प्रसाद, पिता द्वारिका प्रसाद, ग्राम मेगनी बिगहा, पो. भैंसवा, थाना मसौढ़ी ने अपने आवेदन में बताया है कि दिनांक 31 जनवरी 2009 को तत्कालीन सरपंच राजकुमार की अध्यक्षता में पंचायती कर सर्वसम्मति से गली की चौड़ाई को लेकर फैसला लिया गया था। तय हुआ था कि परसा से लेकर करमू प्रसाद के दीवार तक पश्चिम से पूरब की ओर गली की चौड़ाई 5 फीट 6 इंच होगी। यह रास्ता पिछले 17 वर्षों से सार्वजनिक रूप से उपयोग में है और पूरे गांव के लोग इसी रास्ते से पूरब की ओर जाते हैं। पीड़ित का आरोप है कि पिछले एक महीने से रामाशीष प्रसाद के पुत्रों अवधेश और पृथ्वीराज द्वारा उनके घर पर चढ़कर गाली-गलौज और उनके पोते को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। साथ ही जबरन गली की दीवार को तोड़ने की धमकी दी जा रही है, जबकि उनके हिस्से में भी 5 फीट 6 इंच की चौड़ाई छोड़ी गई है ।रामावतार प्रसाद का कहना है कि उन्होंने इस मामले को भैंसवा पंचायत के मुखिया और सरपंच के समक्ष रखा, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पीड़ित ने कहा कि वे जितना सीधा रास्ता उनके हिस्से से पड़ता है, उतनी जगह देने को तैयार हैं, फिर भी विपक्षी पक्ष द्वारा लगातार गली को बंद करने और परिवार को धमकाने का प्रयास किया जा रहा है ।पीड़ित ने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए यथाशीघ्र जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

ऑनलाइन धोखाधड़ी कर किसान के खाते से 70 हजार उड़ाये

मसौढ़ी (आससे) । मसौढ़ी में ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है। धोखेबाजों ने फोन कर एप इंस्टॉल करवाकर एक किसान के खाते से 70 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित अरविंद कुमार पिता स्व0 राम लाल सिंह, ग्राम धनौती, के बयान पर मसौढ़ी थाना में कांड संख्या 1026/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच का जिम्मा एसआई अरुण कुमार को दिया गया है। पीड़ित के अनुसार उनके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटना हुई है। अज्ञात ठगों ने कॉल कर बातों में उलझाया और मोबाइल में एक लिंक/एप इंस्टॉल करवाया। इसी दौरान उनके एसबीआई खाता से रुपये की अवैध निकासी कर ली गई।

ठगी का एहसास होते ही पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से एफआईआर दर्ज कर राशि वापस दिलाने और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर से कुचलकर बेटे की मौत, मां गंभीर

बिहटा (आससे) । आईआईटी थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गाँव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट मे आने के कारण बाइक सवार माँ बेटा गंभीर। घटना की सुचना के बाद आसपास के लोगो ने घटना की सुचना पुलिस को देते हुए घायल को ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल मे भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सक ने पुत्र को मृत घोषित कर दिया। वही माँ का हालत गंभीर बताया जा रहा है। मृतक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के महुवार निवासी 31 वर्षीय महेश कुमार के रूप मे की जा रही है। वही घायल की पहचान 55 वर्षीय माँ मालती देवी के रूप मे की जा रही है।

33 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

फतुहा आससे । नदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 33 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शराब पीने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में नदी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन ने बताया कि नदी थाना पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सबलपुर गांव से करीब 33 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। इस मामले में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सबलपुर गांव निवासी रामशीष साहनी के 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार और स्वर्गीय हरवंश शर्मा के 26 वर्षीय पुत्र छोटू शर्मा के रूप में हुई है ।वहीं, शराब पीने के आरोप में जेठुली गांव निवासी उमेश राय के 32 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया।

रावण वध देखने गयी किशोरी लापता

मसौढ़ी (आससे) । मसौढ़ी गांधी मैदान में आयोजित रावण बद्ध मेला देखने गई 13 वर्षीय बच्ची अंजलि कुमारी लापता हो गई है। 20 अक्टूबर की शाम से लापता बच्ची अब तक घर नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर मसौढ़ी थाना में कांड सं. 1030/26 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस खोजबीन में जुट गई है। संघत पर वार्ड-13 निवासी मनोज पासवान की 13 वर्षीय पुत्री 20 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे मेला देखने गई थी। पिता मनोज पासवान के मुताबिक मेले में भीड़ के कारण बच्ची बिछुड़ गई। आसपास खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला तो मसौढ़ी थाना को सूचना दी गई। परिजनों ने बताया की पुलिस ने मेला क्षेत्र, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में छानबीन तेज कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

भतीजों ने चाची को पीटकर किया बेहोश

मसौढ़ी (आससे) । पिपरा थाना क्षेत्र के पारधु गांव में आपसी विवाद में दो भतीजों द्वारा अपनी चाची की पिटाई कर बेहोश करने का मामला सामने आया है। पीड़िता बिना देवी उम्र 48 वर्ष पति कुक्कू राम, ग्राम पारथछ की शिकायत पर पिपरा थाना में कांड संख्या 143/26 तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने थाने को दिए आवेदन में बताया कि 20 अक्टूबर 2026 को मोनू कुमार उम्र 40 वर्ष और सोनू कुमार उम्र 44 वर्ष, दोनों पिता अर्जुन राम, ग्राम पारथु थाना पिपरा, उसके दालान में आकर नशे की हालत में बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों और उग्र हो गए और लात-मुक्का करने लगे। इसी दौरान दालान में रखा डंडा उठाकर पिटाई कर दी, जिससे वह वहीं बेहोश हो गई। हल्ला सुनकर परिवार के लोग पहुंचे और उसे उठाकर घर ले गए, जहां दवा दिलाई गई।

जातिसूचक गाली देकर हमला, महिला से छेड़खानी

मसौढ़ी (आससे) । पिपरा थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव में पड़ोसी ने जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान महिला के साथ छेड़खानी और बदसलूकी की घटना भी हुई। पीड़ित गोलू कुमार उम्र 22 वर्ष, पिता रामराज पासवान, ग्राम शाहबाजपुर थाना पिपरा ने पिपरा थाने में पांच लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

गोलू कुमार ने आवेदन में बताया कि सुबह 07=30 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर दोस्तों गोल्डी कुमार, सुरेन्द्र कुमार और मंटू कुमार के साथ लूडो खेल रहा था। तभी पड़ोसी (1) कौशल किशोर उम्र 48 वर्ष पिता स्व. कुलदीप साव ने तेज आवाज वाला पटाखा छोड़ दिया। विरोध करने पर कौशल ने जातिसूचक गंदे शब्दों दुसाध, चमार का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और उठाकर जमीन पर पटक दिया। हल्ला सुनकर उसके परिजन (2) कैलाश कुमार 26 वर्ष (3) शुभम कुमार उर्फ चंदन 22 वर्ष (4) सौरभ कुमार 20 वर्ष और (5) सुनीता देवी 48 वर्ष पति कौशल किशोर सभी लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर आए और जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गोलू और उसकी दादी कलावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गए।

बीच-बचाव करने आई गोलू की भाभी कंचन देवी के साथ आरोपियों शुभम उर्फ चंदन और सौरभ ने बुरी नियत से बदसलूकी की, ब्लाउज फाड़कर अर्धनग्न कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया। दोनों घायलों को परिजनों द्वारा पुनपुन अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज जारी है। आरोपियों ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी है, जिससे परिवार दहशत में है। शिकायत के आधार पर पिपरा थाना में कांड संख्या 146/26 स्ष्ट/स्ज्ञ एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी।

विद्यालय से दिनदहाड़े 4 गोदरेज का ताला तोड़ खेल सामग्री चोरी

मसौढ़ी (आससे) । मसौढ़ी स्थित श्रीमती गिरिजा कुंवर उच्च विद्यालय में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। विद्यालय के रात्रि प्रहरी राज कुमार, पिता स्व. सीताराम पहलवान, ग्राम- जगपुरा बिगहा,ने थाना मसौढ़ी ने थानाध्यक्ष मसौढ़ी को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। आवेदन में राज कुमार ने बताया है कि वह 20 अक्टूबर को रात लगभग 8 बजे ड्यूटी कर घर चला गया था। 21 अक्टूबर को दोपहर 12=30 बजे लोदेश पाल और भगवान पहलवान के द्वारा सूचना मिली कि विद्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। सूचना पर विद्यालय आकर देखा तो रूम नं. 26 स्टोर रूम की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया था। अंदर रखी 4 गोदरेज अलमारी टूटी हुई मिली, एक बड़ा स्पीकर और रूम में रखा अन्य सामान चोरी हो गया। वहीं रूम नं. 27 की खिड़की की ग्रिल और बरामदे में लगा लोहे का ग्रिल भी चोर काट कर ले गए। रूम नं. 23 का ताला भी तोड़ा गया है ।घटना की सूचना 112 और विद्यालय प्रभारी को दी गई। प्रहरी के अनुसार चोरी की घटना सुबह 8 बजे से दोपहर 12=30 बजे के बीच की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया की इस मामले मे पुलिस जांच कर रही है।